# लोगों की संतुष्टि के लिए साधक की तरह करें काम : कलेक्टर

## मन में सेवा की भावना हो, यह हमें ऊर्जा देती रहेंगी . नवागत कलेक्टर अधिकारियों से हुई रूबरू




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 13 अप्रैल।** नवागत कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कलेक्टेऊट सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों के साथ परिचयात्मक एवं टीएल बैठक में अपनी प्राथमिकताएं और कार्य करने के तरीके बताते हुए कहा कि हम लोक सेवक है, लोगों की संतुष्टि के लिए एक साधक की तरह काम करते रहें, यही हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए, मन में सेवा की भावना हो जो हमें बेहतर से बेहतर करने के लिए हमेशा ऊर्जा देती रहेगी। सदैव आम लोगों को केन्द्रित रखते हुए कार्य किया जाये, सरकार की सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ उन्हें शत प्रतिशत मिलें, यही लोक कल्याणकारी राज्य का कॉन्सेप्ट है और विभागीय योजनाओं के माध्यम से आम लोगों के जीवन को आसान बनाने में हमारी उत्कृष्ट भूमिका एवं दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोगों के कल्याण के लिए सदैव कार्य करते रहे।

बैठक में डीएफ्ओ कूनो आर थिरूकुराल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

नवागत कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि हमारी विचारधारा आम लोगों को लाभ देने की होनी चाहिए, हमारे पास आने वाले आम लोगों का कार्य हम प्राथमिकता से करें, यही उत्कृष्ट लोक सेवक की परिभाषा है। उन्होंने कहा कि वे आशा करती है कि श्योपुर जिले में सभी बेहतर कार्य कर रहे है, उनकी अपेक्षा है कि हम बेहतर से बढकर करेंगे, लोगों की संतुष्टि ही हमारे कार्य का मूल्यांकन है। आम आदमी के लिए ही हमारी उपयोगिता है और अच्छा होने की कसौंटी भी यही है कि हम अच्छा करने के बारे में कितना सोचते है।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रजेंटेशन तैयार करेंगें, उनके द्वारा विभागवार बैठक की जायेगी।

### समयसीमा में हो प्रकरण का निराकरण

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभिन्न राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित किया जायें, वर्तमान में ग्रीष्मकालीन ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। नलजल योजनाओं का संचालन बेहतर तरीके से किया जायें तथा पेयजल की शिकायत होने पर तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जायें। कृषि वर्ष को लेकर नवाचार किये जाये तथा 15 अप्रैल से शुरू हो रही गेहूं खरीदी की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को ओर अधिक बेहतर बनाया जायें, सभी स्वास्थ्य केन्द्र समय पर सेवाएं प्रदान करें, यह सुनिश्चित किया जायें, जिला अस्पताल में रोगियों के लिए ओपीडी सहित अन्य व्यवस्थाओं को ओर अधिक बेहतर बनाया जायें। स्वास्थ्य संस्थाओं में रोगियों तथा उनके परिजनों के लिए पेयजल की इंतजाम सुनिश्चित किये जायें।

## संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

**श्योपुर, 13 अप्रैल।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के नेतृत्व में आज प्रात: 10 बजे संविधान की प्रस्तावना का सामुहिक वाचन किया गया। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कलेक्ट्रेट परिसर में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। उल्लेखनीय है कि भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसी क्रम में सभी शासकीय कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, स्कूल, कॉलेजों में आज 13 अप्रैल को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया।

# समाज को दिशा देने में मीडिया की अहम भूमिका : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 13 अप्रैल।** नवागत कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कलेक्टेऊट सभाकक्ष में प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से सौजन्य बैठक के

**मीडिया प्रतिनिधियों से रूबरू हुई नवागत कलेक्टर**



दौरान कहा कि समाज को दिशा देने में मीडिया की भूमिका अहम है। इंटरनेट के इस युग में मीडिया की पहुंच आम आदमी तक हो गई है, लोगों तक बात पहुंचाना आसान हो गया है, ऐसे में मीडिया की जिम्मेदारी भी बढ गई है। सकारात्मक और नकारात्मक दोनो प्रकार की सूचनाएं तेजी से फैलती है। उन्होंने कहा कि शासन योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ आम लोगों को दिलाने में मीडिया सकारात्मक भूमिका निभायें, उन्होंने कहा कि जहां कमी है, उसे संज्ञान में लाया जायें, जिससे सुधारात्मक कदम उठाये जा सके। उन्होने कहा कि जिले में संचालित बडे प्रोजेक्ट रेलवे, एनएच-552, चेटीखेडा, मूंझरी बांध सहित पेजयल परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण कराने के प्रयास किये जायेगे।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम आदमी हमारी पहली प्राथमिकता है, शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ आम आदमी तक पहुंचे यही हमारा कर्तव्य भी है। स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास, ग्रामीण विकास विभाग तथा राजस्व विभाग आदि ऐसे है, जो सीधे आम आदमी से जुडे हुए है, इन विभागों की सेवाओं का लाभ शत प्रतिशत लोगों को मिले, यही प्रयास रहेंगे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, सहायक जनसपंर्क अधिकारी सुश्री अवंतिका श्रीवास्तव सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

### मीडिया प्रतिनिधियों के सवालों के दिये जवाब

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा पत्रकारवार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के सवालो के जवाब देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं, नगरीय सुविधाएं, शिक्षा व्यवस्था, पीडीएस वितरण तथा आंगनबाडी केन्द्रों की सुविधाओं, शहर की यातायात व्यवस्था, पार्किंग आदि के संबंध में सुधारात्मक कदम उठाये जायेगे तथा लोगों को इन सेवाओं का बेहतर लाभ मिले, इसके लिए प्रयास किये जायेगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुचें, शिक्षक, आंगनबाडी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक आदि मैदानी अमले के कर्मचारी समय पर पहुंचकर अपनी सेवाएं दे, यही प्राथमिकता रहेगी तथा जो भी इसमे लापरवाही करेगा उन पर कडी कार्यवाही की जायेगी।

# तेजी से आगे बढ़ रहा श्योपुर, सभी का साथ मिला- निर्वतमान कलेक्टर वर्मा

## जिले के विकास को ओर अधिक गति प्रदान करेंगे : कलेक्टर दाहिमा, निवर्तमान कलेक्टर वर्मा का विदाई समारोह आयोजित




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 13 अप्रैल।** श्योपुर जिले के निवर्तमान कलेक्टर श्री वर्मा का विदाई समारोह गत रात्रि राधिका पैलेस में आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, विजयपुर अभिषेक मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य, एसडीओपी राजीव गुप्ता सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी तथा कलेक्टेऊट के कर्मचारी उपस्थित थे।

निवर्तमान कलेक्टर श्री वर्मा ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि श्योपुर ने उन्हें जो स्नेह दिया है, उसे सदैव याद रखेगे, यहां के अधिकारी, कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग मिला है, उन्होंने कहा कि श्योपुर तेजी से आगे बढ रहा है, यह उनका सौभाग्य है कि उनके कार्यकाल में कई बडे-बडे कार्यो को गति मिली और मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ हुआ। तीसरे चरण में बोत्सवाना से कूनो नेशनल पार्क में 9 चीतों की शिफ्टिंग का कार्य भी काफी अनुभव पूर्ण रहा। रेलवे ब्रॉडगेज के कार्य को गति प्रदान की गई और वर्तमान में यह प्रोजेक्ट पूर्णता: की ओर है। उन्होंने कहा कि श्योपुर का कार्यकाल उन्हें सदैव याद रहेगा। इस अवसर पर उन्होने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्य में किये गये सहयोग के लिए धन्यवाद भी दिया। इसके साथ ही जनकल्याण तथा विभिन्न संवेदनशील मुद्दो पर सहयोग और सकारात्मक भूमिका के लिए जिले की मीडिया का भी आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में निवर्तमान कलेक्टर श्री वर्मा का सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा जिला प्रशसान, जिला पंचायत सहित विभिन्न विभागों की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किये गये।

### कभी अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने विदाई समारोह में कहा कि श्योपुर जिले के विकास के लिए संचालित बडी परियोजनाओं को गति देते हुए पूर्ण कराने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला बाल विकास, फूड, सामाजिक न्याय, आदिम जाति कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग सहित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं में लाभ दिलाने की पहल जारी रहेगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रशासन में छोटे-बडे सभी अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है, सभी के सहयोग से जिले के विकास को ओर अधिक गति प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने भी विदाई समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुशील दुबे द्वारा किया गया।

## नेशनल लोक अदालत व विशेष जेल लोक अदालत के लिए बैठक आयोजित

**श्योपुर, 13 अप्रैल।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन में 09 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत व 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली विशेष जेल लोक अदालत के सफल कियान्वयन हेतु जिला मुख्यालय पर पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, डीएसपी, डिप्टी कलेक्टर, जेल अधीक्षक, जिला अभियोजन अधिकारी, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं समस्त थाना प्रभारीगण के साथ बैठक का आयोजन जिला न्यायालय श्योपुर परिसर में स्थित एडीआर भवन में किया गया। उक्त बैठक में लोक अदालत के प्रभारी अधिकारी जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश द्वारा धारा 138 एन.आइ. एक्ट क्लेम प्रकरणों, विद्युत प्रकरणों पारिवारिक व अन्य राजीनामा योग्य मामलों का उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक निराकृत किये जाने हेतु चर्चा की गई।

# बिजली, इंटरनेट, टेलीफोन की केबल व्यवस्थित कराने के निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 13 अप्रैल।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा आज कलेक्टेऊट स्थित विभिन्न कार्यालयों तथा विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर की गैलरी में बिजली, इंटरनेट, टेलीफोन आदि की केबल को व्यवस्थित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य, तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा, कार्यालय अधीक्षक दिलीप बंसल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने इस दौरान तहसील कार्यालय, सामाजिक न्याय, जिला योजना, महिला बाल विकास विभाग, आबकारी, निर्वाचन कार्यालय, फूड विभाग, श्रम विभाग, डूडा, जनजातीय कार्य विभाग, पंजीयक कार्यालय, भू-अभिलेख, रिकार्ड रूम आदि कार्यालयों सहित कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उन्हें सौपे गये दायित्वों की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने जिला स्तरीय कन्ट्रोलरूम के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाली सूचनाओं को पंजीबद्ध करते हुए संबंधित विभागों को तत्काल सूचना दी जाये, गंभीर प्रवृति के मामलो में तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जायें।

# नियमों का पालन सुरक्षा की गारंटी, लापरवाही पर होगी कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर/श्योपुर, 13 अप्रैल** जिले में सड़क दुर्घटनाओं को

**सड़क सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक का सख्त रुख**

शून्य पर लाने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर अग्रवाल के नेतृत्व में एक व्यापक 'सड़क सुरक्षा एवं जन-जागरूकता अभियान' चलाया जा रहा है। श्री अग्रवाल के स्पष्ट निर्देश हैं कि पुलिस केवल मुख्यालयों तक सीमित न रहे, बल्कि गांव-कस्बों तक पहुँचकर हर वाहन चालक को जिम्मेदार बनाए।

**एसपी के विजन पर जमीनी कार्रवाई :** पुलिस अधीक्षक के इन निर्देशों के पालन में एसडीओपी विजयपुर श्री राघवेन्द्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी विजयपुर भागवत प्रसाद पाण्डेय द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस ने न केवल कार्रवाई की, बल्कि एक सख्त संदेश भी दिया: 'कमी पूरी करें और जायें या फिर चालान कटायें।'

**कार्रवाई के साथ सुधार का मौका :** चेकिंग के दौरान 09 वाहनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 4250 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक की मंशा के अनुरूप, पुलिस का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं बल्कि व्यवहार में बदलाव लाना है। इसी कारण ग्रामीण क्षेत्रों के उन चालकों को मौके पर ही हेलमेट पहनने और नंबर प्लेट लगवाने का अवसर दिया गया, जिनमें जागरूकता की कमी थी।

**अभियान के मुख्य बिंदु :** नशा मुक्त ड्राइविंग: एसपी महोदय के निर्देशानुसार नशे में वाहन चलाने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

ज़ दस्तावेजों की पूर्णता: वाहन का बीमा, फिटनेस और ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य रूप से साथ रखने की समझाइश दी गई।

ज़ ग्रामीण जागरूकता: पुलिस की टीमें अब गांव-गांव जाकर वाहन मालिकों को सुरक्षा मानकों की जानकारी दे रही हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर अग्रवाल ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों को 'पुलिस का डर' नहीं बल्कि 'अपनी सुरक्षा' मानकर अपनाएं। अभियान का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर व्यक्ति सुरक्षित अपने घर पहुँचे। चूना डलवाकर खड़े करवाये वाहन , कमी पूरा करने पर किया रवाना ।

## मंदिर दर्शन कर कार्य की शुरूआत के लिए दफ्तर पहुंची , कलेक्टर

**श्योपुर, 13 अप्रैल।** नवागत कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने श्योपुर जिले में अपने कार्य की शुरूआत से पहले आज सुबह शहर के प्रसिद्ध टोडी गणेश जी मंदिर एवं श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर सहित श्री रामतलाई हनुमान जी मंदिर पहुंचकर दर्शन किये। शहर के विभिन्न प्राचीन तथा जन आस्थाओं के केन्द्र मंदिरों पर दर्शन के बाद कलेक्टर सुश्री दाहिमा दफ्तर पहुंची और अपने कार्य की शुरूआत की। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा श्योपुर जिले के लिए कलेक्टर के रूप में नियुक्त वर्ष 2015 बैच की आईएएस अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा ने गत शनिवार की शाम को कलेक्ट्रेट कार्यालय श्योपुर पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया था। मंदिर दर्शन के दौरान तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

## एक नजर में




### जेल में मानसिक रोग उपचार शिविर आयोजित

**श्योपुर, 13 अप्रैल।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिला जेल श्योपुर में बंदियों के लिए मानसिक रोग उपचार शिविर का आयोजन किया गया। जेल अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ अरशद अय्यूब, जेल चिकित्सक डॉ संजय जैन की टीम द्वारा 72 बंदियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया, जिसमें से 26 बंदियों द्वारा नींद न आने, घबराहट होने के बारे में अवगत कराया गया, जिन्हें चिकित्सको द्वारा उपचार के लिए दवाईयां प्रदान की गई।

### मलेरिया नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान आयोजित



**श्योपुर।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिंदल के निर्देशन में मलेरिया इस्पेक्टर मानसिंह पारस द्वारा श्योपुर अर्बन क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 17 में मच्छरों की रोकथाम एवं मलेरिया नियंत्रण हेतु विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ताओं के साथ कुल 42 घरों का भ्रमण किया गया। इस दौरान फीवर सर्वे एवं लार्वा सर्वे किया गया, घरों में पानी की टंकियों एवं गड्ढों में लार्वानाशी दवा का छिड़काव, डालने की कार्यवाही की गई, जिससे मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके। भ्रमण के दौरान बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की मलेरिया किट से जांच की गई। साथ ही समुदाय को मच्छरों से बचाव एवं मलेरिया नियंत्रण के प्रति जागरूक किया गया। जनसमुदाय को सलाह दी गई कि वे अपने घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखें, पानी कहीं भी जमा न होने दें तथा शाम के समय नीम की पत्तियों का धुआँ करें। साथ ही सोते समय मच्छरदानी का नियमित उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान मलेरिया रोग के लक्षण, जांच एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा यह बताया गया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है, इसलिए बुखार आने पर तुरंत खून की जांच कराना आवश्यक है।




### संविधान रैली का आयोजन, बाल विवाह जागरूकता का दिया संदेश

**श्योपुर।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती अवसर पर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में आज 13 अप्रैल को प्रातकाल समय में डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क से शासकीय पीजी कॉलेज श्योपुर तक संविधान रैली का आयोजन किया गया। जनजातीय कार्य विभाग के तत्वाधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राकेश शर्मा, सीडीपीओ नितिन मित्तल, पवनजीत सिंह अरोरा सहित छात्रावासीय छात्राएं, अधीक्षक आदि उपस्थित थे। महिला बाल विकास विभाग के समन्वय से आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क से शासकीय पीजी कॉलेज तक साईकिल रैली का आयोजन किया गया तथा छात्राओं द्वारा बाल विवाह रोकने और उसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। समापन अवसर पर पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट द्वारा बाल विवाह रोकथाम की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का सामुहिक वाचन भी किया गया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद की अंतिम सूची जारी

**श्योपुर।** महिला बाल विकास परियोजना श्योपुर ग्रामीण-1 में रिक्त आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के पदो के संबंध में अनंतिम सूची जारी की गई है। एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा की अध्यक्षता में खण्ड स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनपद अध्यक्ष श्रीमती रीना आशीष मीणा, अध्यक्ष स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति के सभापति नरेश टैगोर, सीईओ जनपद श्योपुर एसएस भटनागर एवं परियोजना अधिकारी श्योपुर ग्रामीण-1 रिशु सुमन आदि सदस्य उपस्थित रहें। चयन समिति द्वारा अनुमोदित अनंतिम सूची जारी की गई है। अनंतिम सूची के अनुसार चेटी का सहराना में कु. रजना जाटव, मालीबाडी में ज्योति मीणा एवं बागचा बस्ती चकबमूलिया में प्रियंका मीणा को आंगनबाडी कार्यकर्ता के पद पर अनंतिम रूप से चयन किया गया है। इसी प्रकार कल्लू का टपरा सहमा बानो, मेवाडा कछार मुस्लमान बस्ती में सहमा बानो, माली बस्ती मेवाडा में प्रतिभा शर्मा, सोठवा-सी फतेहपुर में रामा आर्य, चेटी का सहराना में सोनिया कसेडिया, सेडे का सहराना में निशा राजपूत, मेडे का सहराना में मीरा बैरवा, वासदेह सहराना में मीरा बैरवा, मिनी कॉलोनी हरिजन बस्ती बर्धा में सुरेखा बाजुल्ला को आंगनबाडी सहायिका पद पर अनंतिम रूप से चयन किया गया है। उक्त अनंतिम सूची पर किसी आवेदिका को अपनी आपत्ति दर्ज कराना चाहते है तो एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से सात दिवस में ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकते है, निर्धारित तिथि के पश्चात् आपत्ति स्वीकार नही होगी।


**प्रारूप छः**
**(नियम 6 देखिए)**

**मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता ( भू-राजस्व की उगाही ) नियम 2020**
**सक्षम न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त सुपावली तहसील मुरार, ग्वालियर ( म.प्र. )**
**जावक क्रमांक 692/2026**

**जंगम संपत्ति के विक्रय की उद्घोषणा**

**( मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 ( 1 ) ( क ) के अधीन )**

क्योंकि नीचे विनिर्दिष्ट जंगम संपत्ति को सोनिका इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन लिमि. द्वारा सी.ओ.एन.पी. मिश्रा पुत्र एस.एन. मिश्रा निवासी 451 हरगोविन्दपुरम सिटी सेंटर ग्वालियर म.प्र. द्वारा देय भू-राजस्व के बकाया शास्ति ब्याज और कार्यवाहियों के खर्चो के लिखे वसूली के लिए कुर्क किया गया है।

एतद् द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि यदि इसमें विक्रय के लिए नियत दिनांक के पूर्व देय राशि का भुगतान नहीं कर दिया जाता तो उक्त संपत्ति का विक्रय स्थान तहसील मुरार वृत्त सुपावली पर दिनांक 30.04.2026 सन् 2026 को 11:00 बजे या उस समय के लगभग लोक नीलामी द्वारा कर दिया जाएगा।

| अनु. क्रमांक | जंगम सम्पत्ति का विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम करिगवां स्थित सर्वे क्रमांक 17/0.1500 हे., 24/0.0900 हे., 25/0.1600 हे., 172/0.3400 हे., 173/0.0800 हे., 202/0.0800 हे., कुल किता 6 कुल रकवा 0.900 हे. में हिस्सा 8768/9000 व सर्वे क्रमांक 147/2/0.0700 हे., 196/1/0.3400 हे., 197/1/0.3400 हे., सम्पूर्ण भाग पर सोनिका इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन लिमि. द्वारा सी.ओ.एन.पी. मिश्रा पुत्र एस.एन. मिश्रा जाति ब्रा. निवासी 451, हरगोविन्दपुरम सिटी सेंटरग्वालियर म.प्र. | माननीय उच्च न्यायालय के खंडपीठ ग्वालियर कन्टेम्पट नं. 5148/2024 के पालन में दिनांक 31.03.2026 तक मूल+ ब्याज सहित राशि 1859014/- रूपये की वसूली हेतु दिये गये सर्वे नम्बरों में से सोनिका इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन लिमि. द्वारा सी.ओ.एन.पी. मिश्रा पुत्र एस.एन. मिश्रा निवासी 451, हरगोविन्दपुरम सिटी सेंटर जाति ब्रा. निवासी के कुर्क किये हुए हिस्से की भूमि पर नीलामी की जावेगी। |

मुद्रा
दिनांक 26.03.2026

नायब तहसीलदार
वृत-सुपावली
तहसील मुरार
जिला ग्वालियर (म.प्र.)

G-11460/26